www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# संजना भारती
RNI No. : DELHIN/2016/70240
आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 क्या 'आप' लगा पाएगी दिल्ली में चुनावी चौका
3 विधान से ही है सभी समस्याओं का समाधानः अपर...
4 मानसून सीजन से पहले गुरुग्राम व्यापाक...

वर्षः 9 | अंकः 84 | दिल्ली, शुक्रवार, 17 जनवरी 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता, मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को किया ढेर

**छत्तीसगढ़ (एजेन्सी)।** एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन में, छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक गहन मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया। क्षेत्र के घने जंगली इलाकों में चलाया गया यह ऑपरेशन वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक बड़ी सफलता है। क्षेत्र के घने जंगली इलाकों में चलाया गया यह ऑपरेशन वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक बड़ी सफलता है। अधिकारी ने बताया कि तीन जिलों के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की विशिष्ट जंगल युद्ध इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन) की पांच बटालियन और सीआरपीएफकी 229वीं बटालियन के जवान इस अभियान में शामिल था। बीजापुर के मद्देड़ थाना क्षेत्र में12 जनवरी को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच नक्सली मारे गए थे। पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ में दो वर्षों में सुरक्षा बलों पर सबसे बड़ा हमला करते हुए नक्सलियों ने इस महीने की शुरूआत में बीजापुर जिले में 60 से 70 किलोग्राम वजनी संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में धमाका किया जिसकी चपेट में सुरक्षाबलों का एक वाहन आ गया और उसमें सवार आठ सुरक्षाकर्मी और उनके चालक की मौत हो गई थी।

### भागवत के बयान से स्पष्ट है कि वह संविधान को नहीं मानते : कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के सच्ची स्वतंत्रता वाले बयान से स्पष्ट है कि वह संविधान को नहीं मानते। पार्टी के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह दावा भी किया कि भागवत ने स्वतंत्रता आंदोलन का अपमान किया है। भागवत ने सोमवार को कहा था कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाई जानी चाहिए क्योंकि अनेक सदियों से दुश्मन का आक्रमण झेलने वाले देश को सच्ची स्वतंत्रता इसी दिन मिली। बघेल ने भागवत के बयान का हवाला देते हुए संवाददाताओं से कहा, उनके बयान से स्पष्ट है कि वह संविधान को नहीं मानते। वह आजादी की लड़ाई का अपमान कर रहे हैं। मोहन भागवत के बयान से यह भी स्पष्ट है कि भाजपा और आरएसएस के लोग संविधान को बदलना चाहते हैं।

### अत्याधुनिक पुरातत्व अनुभवात्मक संग्रहालय, प्रेरणा काम्प्लेक्स एवं वडनगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का उद्घाटन

# 'पुरातात्विक अनुभवात्मक संग्रहालय' दुनिया का एक मात्र संग्रहालय है, जहां इतिहास और उत्खनन दोनों का संगम है



**संजना भारती/पीआईबी**

**गुजरात।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के वडनगर में अत्याधुनिक पुरातत्व अनुभवात्मक संग्रहालय, प्रेरणा काम्प्लेक्स एवं वडनगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। श्री अमित शाह ने वडनगर में विरासत परिसर विकास योजना और शहरी सड़क विकास और सौन्दर्यीकरण कार्यक्रम की भी अध्यक्षता की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की यात्रा पर एक फिल्म का भी विमोचन किया। इस मौके पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान और गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के पदचिन्हों पर चल रही है और आज का यह कार्यक्रम मोदी जी की ही जन्मभूमि पर हो रहा है।

यह कार्यक्रम कई मायनों में वडनगर को देश और दुनिया के नक्शे पर प्रमुखता से रखने वाला है। उन्होंने कहा कि वडनगर दुनिया के सबसे पुरातन शहरों में से एक है जिसने अपनी अक्षुण्णता और जीवंतता के कारण हर काल की संस्कृति और संस्कारों को प्रभावित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वडनगर की यात्रा हजारों साल से अनथक रूप से चली आ रही है और हमारे पास इसके 2500 साल से अधिक पुराने प्रमाण भी उपलब्ध हैं। श्री अमित शाह ने कहा कि लोगों को इस पुरातात्विक अनुभवात्मक संग्रहालय और उत्खनन परिसर का भ्रमण जरूर करना चाहिए क्योंकि पूरी दुनिया में ऐसा कोई संग्रहालय नहीं है जहां इतिहास और उत्खनन दोनों एक साथ मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की परिकल्पना वाले लगभग 300 करोड़ की लागत से बने इस संग्रहालय ने न सिर्फ वडनगर बल्कि गुजरात और पूरे देश की संस्कृति को दुनिया के नक्शे पर रखने का काम किया है।

संग्रहालय बनाने वालों ने संग्रहालय भवन और उत्खनन स्थल में 2500 साल से अधिक पुरानी वडनगर की यात्रा को जीवंत करने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि ये म्यूज़ियम न सिर्फ वडनगर के पुरातन होने का बोध देता है बल्कि वडनगर के हर कालखंड के दौरान प्रचलित संस्कृति, व्यापार, नगर रचना, शिक्षा और शासन के योगदान को भी दिखाता है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज यहां प्रेरण संकुल परिसार का भी औपचारिक उद्घाटन हुआ है और जिस स्कूल में प्रधानमंत्री मोदी जी ने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की थी, वहां आज देशभर के बच्चे उनके दिखाए रास्ते पर चलने की शिक्षा प्राप्त करने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रेरणा संकुल भविष्य में कई ऐसे बड़े व्यक्तियों के निर्माण का योगदान देने का काम करेगा। आज यहां खेल परिसर का भी उद्घाटन हुआ है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने 2036 के ओलिंपिक खेल अहमदाबाद में आयोजित करने का लक्ष्य रखा है और उस वक्त वडनगर के उसमें हिस्सा लेने के लिए तैयार हो सकेंगे।

श्री अमित शाह ने कहा कि वडनगर की संस्कृति और इतिहास बहुत पुराने हैं और यहां कई सनातन सन्यासियों ने तप, साधना और ज्ञान की उपासना की है। जैन साधुओं ने अनेक जैन अगम-निगम की रचना और तपस्या यहां की। उन्होंने कहा कि ऐसा माना जाता है कि यहीं पर पहली बार सिर्फ साधुओं के लिए पढ़े जाने वाले जैन ग्रंथ कल्पसूत्र को जनता के लिए पढ़ने का काम हुआ।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिंगापुर गणराज्य के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात करते हुए। (स्त्रोतः पीआईबी)

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत

# महिला सरपंचों को उनके संबंधित गांवों का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगाः नायब सिंह सैनी



**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत राज्य की सभी महिला सरपंचों को उनके संबंधित गांवों का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पानीपत से शुरू किए गए अभियान में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए अभियान के तहत वर्तमान राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की पूरे देश में सराहना हो रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज यहां महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी भी उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में राज्य में 10,000 आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। 563 आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों में अपग्रेड करने के लिए भारत सरकार से 563 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। विभाग ने 2307 आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड करने का एक अन्य प्रस्ताव भी भारत सरकार को भेजा है। उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ पीएनडीटी एक्ट 1994 के प्रावधानों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों को बालिकाओं को बचाने के लिए प्रेरित करने के लिए गांवों में नुक्कड़ नाटक और अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि इन कार्यक्रमों में गांव की सभी महिलाओं को आमंत्रित किया जाना चाहिए, जिन्हें समुदाय की सबसे बुजुर्ग महिलाएं संबोधित करें। लिंग जाँच के लिए हैंडहेल्ड यूएसजी मशीनों के इस्तेमाल पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने इस अवैध काम में शामिल लोगों पर नजर रखने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए।

#### 4000 आंगनवाड़ी केंद्रों को खेल-आधारित शिक्षा और पोषण केंद्र में किया गया विकसितः सीएम

**4000 आंगनवाड़ी केन्द्रों शिक्षा और पोषण के केन्द्रों में बदला गयाः** बैठक में बताया गया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 10 से 12 जनवरी, 2025 तक राजस्थान के उदयपुर में आयोजित चिंतिन शिविर में भी विभाग की परिवर्तनकारी पहल की सराहना की गई। हरियाणा के प्ले स्कूल मॉडल ने 4000 से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्रों को खेल-आधारित शिक्षा और पोषण के केन्द्रों में बदल दिया है, जिससे 41,000 से अधिक बच्चों को लाभ मिला है। हरियाणा क्रेच मॉडल ने आंगनवाड़ी-सह-क्रेच और स्टैंडअलोन क्रेच का एक नेटवर्क स्थापित किया है, जो 7500 बच्चों का समर्थन करता है और कामकाजी माताओं को सशक्त बनाता है। इसके अलावा, मौजूदा 355 सांस्कृतिक केन्द्रों को महिला चौपाल के रूप में पुनर्जीवित करने का प्रस्ताव है।

बैठक में मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सत्ता का मतलब चौधर नहीं, जन सेवा हैः हरविंद्र कल्याण

### दो चौपालों का उदघाटन, दो फिरनियों का शिलान्यास, मोदी के नेतृत्व में हुआ देश मजबूत

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने अभिनंदन एवं जन समस्या सुनवाई कार्यक्रम की शृंखला के तहत आज घरौंडा हल्का के दस गांवों का दौरा किया। लोगों की समस्याएं सुनीं और विधानसभा चुनाव में तीसरी बार विजयी बनाने के लिये लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है।

हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री एवं मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा ने काफी प्रगति की है। अब लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी जनहित की योजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब सत्ता का मतलब चौधर होता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। सरकार सत्ता को सेवा मानकर काम कर रही है। श्री





कल्याण ने गांव अमृतपुर कलां, अमृतपुर खुर्द, मंगलौरा, दिलावरा, ढाकवाला रोडान, ढाकवाला गुजरान, मुस्तफाबाद, जम्मूखाला, चुंडीपुर और मोहिदीनपुर का धन्यवादी दौरा किया। ग्रामीणों की समस्याएं सुन अधिकारियों का उनके निपटारे के निर्देश दिये। उन्होंने ढाकवाला गुजरान में एससी वर्ग की दो चौपालों उदघाटन किया। इन पर 32 लाख की लागत आई है। इसी गांव में 9 लाख 47 हजार की लागत से बनने वाली फिरनी के कार्य का शिलान्यास किया। गांव मुस्तफाबाद में 15 लाख 11 हजार की लागत से बनने वाली फिरनी का भी शिलान्यास किया। गांव जम्मूखाला में दसवीं में स्कूल में अव्वल रही छात्रा नेहा और नीतू को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पिछली बार कोरोना के कारण विकास कार्य प्रभावित हुए थे। इस बार न केवल पिछली कमी को पूरा किया जायेगा बल्कि नए कार्यों को भी प्राथमिकता अनुसार पूरा कराया जायेगा। श्री कल्याण ने कहा कि दस सालों में हलके में स्कूल अपग्रेड, सडकों, पुलों, आईटीआई, चीनी मिल की स्थापना, मेरठ रोड का चौड़ाकरण, लड़कियों का कालेज, बस अड्डा जैसे अनेक विकास कार्य हुए हैं। मेडिकल यूनिवर्सिटी इस साल शुरू हो जाएगी। एनएससी अकादमी दो साल के भीतर और रिंग रोड का कार्य एक साल में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का पूरा प्रयास है कि जनहित की योजनाओं का पूरा लाभ लोगों को मिले। कई सेवाओं के ऑनलाइन होने से लोगों को घर बैठे ही योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। पोर्टल बनने से दो नंबर के काम बंद हो गये हैं।

इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, डिप्टी सीईओ रोजी, भाजपा नेता धीरज खरखाली, मंडल अध्यक्ष जोगेंद्र राणा, मंगलौरा में सरपंच मनजीत, दिलावरा में मांगे राम, सुपरवाइजर रजनी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


# प्रकृति से छेड़छाड़ महापाप, अमेरिका की तरह भुगतने पड़ सकते है गंभीर परिणामः स्वामी कैलाशपुरी

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** महाकाल भैरव अखाड़ा के प्रमुख स्वामी कैलाशपुरी जी महाराज ने कहा कि अमेरिका स्वयं अपनी करनी भुगत रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अपने हथियार बेचने के लिए कई देशों को युद्ध की आग में झोंकने का काम किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो-बाइडेन ने भी जाते-जाते यूक्रेन को रूस के खिलाफ बड़े हमले की इजाजत देकर प्रकृति संतुलन को बिगाड़ने का काम किया। स्वामी कैलाशपुरी जी महाराज ने कहा कि अमेरिका ने हमेशा आकाश धरती ओर पाताल को नुकसान पहुंचाने का ही काम किया है। अमेरिका ने सबसे पहले अंतरिक्ष में पहले चांद से छेड़छाड़ की और फिर धरती पर पहली बार जापान पर परमाणु हमला किया।

अमेरिका ने ही पहली बार परमाणु बमों को छिपाने का काम किया। अमेरिका ही हमेशा दूसरे देशों को लड़वाने के लिए हथियार बेचता आया है। अब दूसरे देशों को तबाही के रास्ते पर लाने वाला अमेरिका न केवल इसके गंभीर परिणाम भुगत रहा है बल्कि आगे भी भुगतेगा। स्वामी कैलाशपुरी जी महाराज ने कहा कि कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग ने भीषण तबाही मचाई है। हजारों परिवारों को जान बचाने के लिए पलायन करना पड़ा है। आग ने सैकड़ों घरों को राख में बदल दिया है। बीमा कंपनियों के लिए भी मुश्किल हो गई है, क्योंकि उन्हें अरबों डॉलर का क्लेम देना पड़ेगा। आग ने अपने आगे किसी को नहीं बख्शा। आग के

#### 'अपने ही देश में समुद्र के किनारे बसे शहर को भी नहीं बचा पाया अमेरिका, दूसरे देश लें सबक'





कारण फिल्म स्टार, सेलिब्रिटी के घर भी जले हैं। लेकिन इस दौरान एक घर सबसे ज्यादा चर्चा में है। 90 लाख डॉलर (77.8 करोड़) रुपए की एक हवेली इस तबाही में बच गई है। जबकि उसके चारों ओर सब कुछ जलकर राख हो चुका है। 7 जनवरी को अमेरिका के कैलिफोर्निया में आग लगनी शुरू हुई थी। मगर आज एक हफ्ते के बाद भी पूरी तरह से आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। आग में अब तक 24 लोगों की जान जा चुकी है। हजारों घर जलकर खाक हो चुके हैं. लगभग लाखों की संख्या में लोग अपने घरों से बेघर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब इंसान ने प्रकृति से छेड़छाड़ की है तो उसके गंभीर परिणाम समूची धरती को भुगतने पड़े है। लगातार पहाड़ो को खनन, जंगलों की बबार्दी और प्रकृति से छेड़छाड़ इंसान का स्वभाव बन गया है। उन्होंने कहा कि धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है ओर बढ़ते तापमान से धरती लगातार लाल हो रही है। बड़े बड़े बर्फ के ग्लेशियर पिघल रहे है। बाढ़ और भू संकलन जैसी आपदाओं में लगातार वृद्धि हो रही है।

ज्वालामुखी फटने की घटनाएं बढ़ रही है। भूकंप से लगातार धरती हिल रही है। प्रकृति लगातार इंसान को संकेत दे रही है मगर इंसान इसे समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को चाहिए था कि वो कई देशों में चल रहे युद्ध को रोकने के लिए उचित कदम उठाता। बिगड़ते पर्यावरण और ग्लोबल वार्मिंग को लेकर सख्त कानून बनाता। लेकिन अपने फायदे के लिए अमेरिका ने कुछ नहीं किया। अब अमेरिका स्वयं इस आग में झुलस रहा है। स्वामी कैलाशपुरी जी महाराज ने कहा कि दुनिया का सबसे ताकतवर देश अपने ही देश में समुद्र के किनारे बसे शहर कैलिफोर्निया को बर्बाद होने से ही नहीं बचा पाया तो सोचिए वो प्रकृति के आगे कितना बेबस और लाचार हो गया है। इससे सभी देशों को सबक लेने की जरूरत है।

# हरियाणा के वरिष्ठ नागरिक सरकारी खर्च पर कर सकेंगे महाकुंभ तीर्थ के दर्शन

**संजना भारती संवाददाता**


**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत' अब गरीब परिवार के बुजुर्गों को सरकारी खर्चे पर प्रयागराज स्थित महाकुंभ तीर्थ के दर्शन करवाए जायेंगे। योजना के तहत सरकार द्वारा प्रत्येक जिले से पात्र वरिष्ठ नागरिकों को महाकुम्भ तीर्थ दर्शन के लिए भेजा जायेगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्तमान सरकार के 100 दिन की उपलब्धियों को लेकर आज यहां बुलाई गई प्रशासनिक सचिवों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत' 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के पात्र बुजुर्गों को अयोध्या में रामलला के दर्शन करवाए गए। इस योजना में माता वैष्णो देवी और शिरडी साई तीर्थ को भी शामिल किया गया है।

अब योजना का दायरा बढ़ाते हुए बुजुर्गों को अयोध्या, माता वैष्णो देवी तथा शिरड़ी के अतिरिक्त प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ तीर्थ के भी दर्शन भी करवाए जायेंगे। उन्होंने कहा की कि वर्तमान सरकार के 100 दिन के कार्यकाल में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों

#### नायब सिंह सैनी ने 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' का विस्तार करते हुए की घोषणा



के विकास के लिए कई अहम कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने पहले 100 दिनों और अगले पांच वर्षों के जनहित के एजेंडे को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि सभी अधिकारी संकल्प पत्र अनुसार अपने सम्बंधित विभाग में जनहित की योजनाओं की रचना करते हुए जल्द से जल्द इनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के एम पांडुरंग ने सरकार के 100 दिनों से संबंधित उपलब्धियां की विस्तृत रिपोर्ट पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की।

इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ विवेक जोशी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिव व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# केजरीवाल के झूठ से तंग आ चुकी जनता : परवेश वर्मा

**(एजेन्सी)।**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता परवेश वर्मा ने गुरुवार को 5 फरवरी के दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले जूते और साड़ियों सहित पैसे और सामान बांटने के आरोपों को खारिज कर दिया। वर्मा ने दावा किया कि ये आरोप आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा झेली गई हार के डर से लगाए गए हैं। वर्मा ने बताया कि भाजपा दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है क्योंकि लोग केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) के झूठ और विफलताओं से तंग आ चुके हैं।



आप ने वर्मा पर नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में महिलाओं को जूते, साड़ी और कंबल के अलावा 1,100 रुपये बांटने का आरोप लगाया है, जहां भाजपा नेता केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी आरोप बेबुनियाद हैं और अपनी आसन्न हार को देखते हुए केजरीवाल की घबराहट का नतीजा हैं। उन्हें शांति से चुनाव लड़ना चाहिए और नई दिल्ली के लोगों को अपने द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताना चाहिए। नई दिल्ली में मतदाता सूची में हेरफेर करने के भाजपा के आप के आरोपों पर उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव 2020 और इस साल के चुनाव के बीच लगभग 60,000 वोट हटा दिए गए हैं। क्या ये वोट केजरीवाल ने डिलीट किये थे? मैं उस समय निर्वाचन क्षेत्र में नहीं था।

भाजपा नेता ने कहा, केजरीवाल "चकित" हैं क्योंकि उन्हें चुनाव में अपनी "हार" स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, इसीलिए वह उनके खिलाफ आरोप लगा रहे हैं और हर दिन "झूठ" फैला रहे हैं। 8 फरवरी को नतीजे घोषित होने पर केजरीवाल की जमानत जब्त हो जाएगी और वह तीसरे स्थान पर खिसक जाएंगे। कांग्रेस के संदीप दीक्षित दूसरे स्थान पर रहेंगे। वर्मा ने भाजपा को निशाना बनाने के लिए "दूल्हा" शब्द का इस्तेमाल करने और भगवा पार्टी से उसके मुख्यमंत्री पद के चेहरे के बारे में पूछने के लिए आप और केजरीवाल पर भी हमला बोला।

# सम्पादकीय

## पाक-बांग्लादेश की दोस्ती

**बांग्लादेश** में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना व सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये। 2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध दर्ज किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरुल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की यूनुस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने। बड़ी समस्या है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दोगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातकएवं विनाशकारी साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थीं, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को साफ-साफ देख जा रहा है। जबकि शेख हसीना शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य थे तो भारत बांग्लादेश को विश्वास में लेकर बाड़बंदी कर रहा था लेकिन अब यूनुस सरकार लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रही है। उसने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते बांग्लादेश की भारत विरोधी बयानबाजी और कारगुजारी से दोनों देशों के संबंधों में जबरदस्त कड़वाहट आ चुकी है। बावजूद इसके गत दिसम्बर में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपनी ढाका यात्रा के दौरान बांग्लादेश को आश्वस्त किया था कि भारत उसका दोस्त बना हुआ है और व्यापार, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के मामलों में रिश्ते पहले की तरह बरकरार रहेंगे।

# क्या 'आप' लगा पाएगी दिल्ली में चुनावी चौका

-रमेश सर्राफ धमोरा

**2 अक्टूबर 2012 को गांधी जयंती के दिन आम आदमी पार्टी का गठन किया गया था। पार्टी के गठन के ठीक एक साल एक महीने और दो दिन बाद 4 दिसंबर 2013 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के वोट डाले गए थे। 8 दिसंबर 2013 को चुनाव के नतीजे आए तो आप को 28 सीटें तथा 29.49 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उनकी नई दिल्ली सीट पर करीब 26000 वोटों से हराया था**

**आगामी** पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल जोड़-तोड़ करने में जुट गए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) व कांग्रेस पार्टी के बीच होना तय माना जा रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के बीच हुआ था। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। मगर इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। वहीं विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी। कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने व पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणात्मक होने की संभावना बनने लगी है। दिल्ली में तीन बार सरकार बनाकर आप ने मजबूत पकड़ बनायी है। वहीं लोकसभा चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भाजपा आप के सामने टिक नहीं पा रही है।

आप के अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन से 28 दिसंबर 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के चलते 49 दिन में ही सरकार गिर गई थी। फरवरी 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप ने 67 सीटें जीतकर एक नया इतिहास रच दिया था। आप को 54.34 प्रतिशत वोट मिले थे। अरविंद केजरीवाल ने 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उस चुनाव में भाजपा को मात्र तीन सीट तथा 32.19 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली तथा वोट भी घटकर 9.65 प्रतिशत रह गये थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटे जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई थी तथा वोटों का प्रतिशत भी बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया था। कांग्रेस को इस बार भी कुछ नहीं मिला था। कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले थे। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

2 अक्टूबर 2012 को गांधी जयंती के दिन आम आदमी पार्टी का गठन किया गया था। पार्टी के गठन के ठीक एक साल एक महीने और दो दिन बाद 4 दिसंबर 2013 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के वोट डाले गए थे। 8 दिसंबर 2013 को चुनाव के नतीजे आए तो आप को 28 सीटें तथा 29.49 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उनकी नई दिल्ली सीट पर करीब 26000 वोटों से हराया था। उस चुनाव में भाजपा को 31 सीट व 33.07 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस को 8 सीट व 24.55 प्रतिशत वोट मिले थे।

उस वक्त कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के चक्कर में आप को समर्थन देकर अरविंद केजरीवाल को पहली बार मुख्यमंत्री बनवाया था। कांग्रेस की यही भूल अब तक कांग्रेस को लगातार जीरो पर आउट कर रही है। उस वक्त यदि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को समर्थन नहीं दिया होता तो आगे विधानसभा चुनाव के नतीजे अलग हो सकते थे। मगर अपनी भूल का कांग्रेस आज तक खामियाजा उठा रही है। 1998 से 2008 तक लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली कांग्रेस 2013 में मात्र 8 सीटों पर सिमट गई थी। कांग्रेस की एक भूल उस पर इतनी भारी पड़ गई कि वह आज तक संभल नहीं पा रही है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव के करीब 8 महीने बाद विधानसभा चुनाव होते हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा 2014 से 2024 तक लगातार दिल्ली की सातों सीटों पर जीत दर्ज करवाती आ रही है। वहीं विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के वोट डालने का ट्रेंड बदल जाता है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी सात सीटों पर जीत दर्ज कर 46.63 प्रतिशत यानी 38 लाख 38 हजार 850 वोट प्राप्त किए तथा 60 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आप को 33.08 प्रतिशत यानी 27 लाख 22 हजार 887 वोट मिले थे तथा 10 सीटों पर आगे रही थी। वहीं कांग्रेस को 15.22 प्रतिशत यानी 12 लाख 53 हजार 78 वोट मिले थे। कांग्रेस एक सीट पर भी आगे नहीं थी। वही 2015 के विधानसभा चुनाव में आप को 67 सीटों पर जीत मिली थी।

इसी तरह 2019 में भाजपा ने 56.85 प्रतिशत यानी 49 लाख 8 हजार 541 वोट लेकर सभी सीट जीती थी। तथा 65 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। वहीं आप को 18.20 प्रतिशत यानी 15 लाख 71 हजार 687 वोट मिले थे और सीट एक भी नहीं जीती थी। आप किसी विधानसभा सीट पर आगे नहीं रही थी। वहीं कांग्रेस को 22.63 प्रतिशत यानी 19 लाख 53 हजार 900 वोट मिले थे। कांग्रेस को सीट एक भी नहीं मिली मगर पांच विधानसभा सीट पर आगे रही थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने लगातार तीसरी बार सभी सातों सीटों को जीतकर 54.35 प्रतिशत यानी 48 लाख 44 हजार 180 वोट प्राप्त किए थे। वहीं 52 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आप को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। पार्टी को 24.17 प्रतिशत यानी 21 लाख 54 हजार एक वोट मिला था। पार्टी 10 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। वहीं कांग्रेस का भी सुपड़ा साफ हो गया था तथा उसे एक भी सीट नहीं मिली थी। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से समझौता कर चुनाव लड़ा था। समझौते में आप ने चार व कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें कांग्रेस को 18.91 प्रतिशत यानी 16 लाख 85 हजार 494 वोट मिले थे। कांग्रेस ने आठ विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की थी।

पिछले दो विधानसभा चुनाव के मतदान का ट्रेंड देखे तो दिल्ली में करीबन 16 से 18 प्रतिशत मतदाता ऐसे होते हैं जो किसी भी पार्टी के समर्थक नहीं है। वह हवा का रुख देख कर मतदान करते हैं। आप को स्विंग वाटर्स की बदौलत दो बार भारी बहुमत मिल चुका है। स्विंग वोटर का झुकाव जिधर होता है उसी की जीत तय होती है। लोकसभा चुनाव में तो राष्ट्रीय मुद्दों के चलते स्विंग वोटर भाजपा की तरफ झुक जाता है। मगर विधानसभा चुनाव में उसका मूड बदल जाता है। जिसका लाभ आम आदमी पार्टी को मिलता है। पांच फरवरी को होने वाले मतदान में सबसे बड़ी भूमिका इन फ्लोटिंग वोटरों की होगी। इनका झुकाव जिस तरफ होगा उसी पार्टी को जीत मिलेगी। चुनाव में बहुत कम समय बचा है। ऐसे में सभी पार्टियों के दिग्गज नेता चुनावी मैदान में उतरकर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए जुट गए हैं। जेल जाने के चलते अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा था। उनके स्थान पर अतिशी मार्लेना को 21 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री बनाया गया था। उसके बाद से आम आदमी पार्टी में बड़ी उठा पटक मची हुई है। इसी के चलते पार्टी ने बड़ी संख्या में पुराने विधायकों की टिकट काटी है। दूसरे दलों से आने वाले दलबदलुओं को भी बड़ी संख्या में टिकट दिया गया है।

दिल्ली विधानसभा के चुनाव ने तो इंडिया गठबंधन की नींव तक हिला डाली है। जहां गठबंधन में शामिल कांग्रेस व आप आमने-सामने चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (यूबीटी) ने आप को समर्थन देने की घोषणा कर कांग्रेस को ठेंगा दिखा दिया है। आप के लिए लगातार चौथी बार जीत का चौका लगाने का सुनहरा मौका है। वहीं भाजपा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अपनी सरकार बना कर डबल इंजन की सरकार का नारा सार्थक करना चाहती है। कांग्रेस का भी प्रयास है कि कुछ सीट जीत कर अपनी खोई प्रतिष्ठा को फिर से हासिल किया जाए। बहरहाल सभी दलों के लिए इस बार का चुनाव बड़ा ही रोमांचक व कड़ी टक्कर वाला होने जा रहा है। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री वही बनेगा जिसे दिल्ली की जनता चाहेगी।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

# शार्टकट और कॉपी पेस्ट की जकड़न में आज की जेनरेशन

-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**आने वाली पीढ़ी को गंभीर और चिंतनशील बनाना है तो उसे कट पेस्ट के दुनिया से बाहर लाना ही होगा। कहा जाता है कि जितना अधिक अध्ययन मनन होता है व्यक्ति उतना ही निखर कर आता है। जब इंटरनेट की दुनिया में जो जानकारियां हैं उन्हीं का उपयोग किया जाता है तो ऐसी हालत में चिंतन, मनन, तक-वितर्क, वैचारिक परिपक्वता, शोध आदि की कल्पना करना अपने आप में गलत होगा**

**आज** की जेनरेशन शार्टकट और कॉपी पेस्ट से आगे नहीं निकल पा रही है। इंटरनेट, मोबाइल, कम्प्यूटर और सोशियल मीडिया ने नई जेनरेशन को सीमित दायरे में कैद करके रख दिया है। नई पीढ़ी में से अधिकांश युवा कुछ नया करने, नया सोचने, नई दिशा खोजने के स्थान पर गूगल गुरु या इसी तरह के खोजी एप के सहारे आगे बढ़ने लगी है। तकनीक का विकास इस तरह से सोच और समझ को सीमित दायरें में लाने का काम करेगी यह तो सोचा ही नहीं था। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तो इससे भी एक कदम आगे निकल गई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि तकनीक सहायक की भूमिका में हो तो वह आगे बढ़ने में सहायक हो सकती है पर तकनीक का जिस तरह से उपयोग होने लगा है वह ज्ञान और समझ को थुथला करने में ही सहायक सिद्ध हो रही है। यही कारण है कि आज की पीढ़ी से कोई भी सवाल करों वह उसका उत्तर गूगल गुरु या इसी तरह के प्लेटफार्म का सहारा लेकर तत्काल दे देंगे। हांलाकि सूचनाओं का संजाल जिस तरह से इंटरनेट प्लेटफार्म पर उपलब्ध है निश्चित रुप से वह आगे बढ़ाने में सहायक है पर आज की पीढ़ी उसी तक सीमित रहने में विश्वास करने लगी है। जिस तरह से एक समय परीक्षाएं पास करने के लिए वन डे सीरिज का दौर चला था ठीक उसी तरह से किसी भी समस्या का हल, किसी भी जानकारी को प्राप्त करने के लिए इंटरनेट को खंगालना आम होता जा रहा है। चंद मिनटों में एक नहीं अनेक लिंक मिल जाते हैं और कई बार तो समस्या यहां तक हो जाती है कि इसमें कौनसा लिंक अधिक सटीक है। दर असल इस तरह की जानकारी से तर्क क्षमता के विकास या विश्लेषक की भूमिका नगन्य हो जाती है। समझ में यह भी आ जाता है कि नेट पर इतनी जानकारी है तो फिर किताबों के पन्ने पलटने से क्या लाभ? इसका एक दुष्परिणाम किताबों से दूरी को लेकर साफ साफ देखा जा सकता है।


इसमें कोई दो राय नहीं कि इंटरनेट, कम्प्यूटर और मोबाइल ने आज की पीढ़ी को शार्टकट की जिंदगी जीना सिखा दिया है। आज का युवा कट पेस्ट के सहारे अपना काम चला रहा है। कोई जानकारी लेनी है तो सीधा गूगल गुरु की शरण में जाता है और एक ही प्रश्न से संबंधित सामग्री के अनेक स्रोत देख कर वह अपनी सुविधा के अनुसार जो उसे सही लगता है कट किया और उसके बाद पेस्ट करके अपना काम पूरा कर लेता है। यह सब चिंतनीय इसलिए है कि सालाना माड्यूलर सर्वेक्षण 2024 में यह सामने आया है कि डेटा, सूचना, दस्तावेजों आदि के लिए इंटरनेट की शरण में चले जाते हैं और वहां पर जो मिलता है उसी को पेस्ट कर इतिश्री कर लिया जाता है। सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार देश में उत्तराखण्ड के युवा सबसे आगे हैं और उत्तराखण्ड के करीब 66 फीसदी युवा कॉपी पेस्ट के सहारे काम चला रहे हैं। उत्तराखण्ड के पीछे पीछे ही बिहार के युवा हैं और बिहार के 60 प्रतिशत युवा कट पेस्ट के सहारे ही काम चला रहे हैं। उत्तरप्रदेश के युवाओं के हालात भी कमोबेस यही है और उत्तरप्रदेश के 56 फीसदी युवा कट पेस्ट का सहारा ले रहे हैं। कमोबेस यह हालात भारत ही नहीं आज की तारीख में दुनिया के अधिकांश देशों में आम होती जा रही है। तकनीक के उपयोग में कोई बुराई नहीं हैं अपितु तकनीक के उपयोग में आगे रहना समय की मांग होती है। पर बौद्धिक विकास या तार्किकता की पहली शर्त ही अध्ययन मनन होती है।

सबसे बड़ी समस्या यही है कि आज का युवा पढ़ने पढ़ाने से दूर होता जा रहा है। गूगल गुरु के सहारें काम चलाया जा रहा है। सबसे अधिक चिंतनीय यह है कि ऐसे में युवाओं के समग्र बौद्धिक विकास की बात करना बेमानी हो जाता है। जब एक क्लिक में सामग्री मिल जाती है तो फिर पढ़ने-पढ़ाने की जहमत कौन उठाएं। कोरोना के कारण ऑनलाइन कक्षाओं का जो चलन चला था उसके नकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। रही सही कसर सोशियल मीडिया ने पूरी कर दी है। सोशियल मीडिया पर परोसी जाने वाली सामग्री में कितना सही है और क्या सही है यह तय करना जोखिम भरा काम है। परिवारों के हालात यह होते जा रहे हैं कि किताब तो दूर होती जा रही है और क्या बच्चे और क्या बड़े सब मोबाइल पर लगे रहते हैं और आपसी संवाद करने की भी फुर्सत नहीं होती। एकाकीपन बढ़ता जा रहा है। सामाजिकता तो लगभग समाप्त ही होती जा रही है। सोशियल मीडिया में शार्टकट मैसेजों का चलन इस कदर बढ़ गया है कि कई बार तो शार्टकट मैसेज को डिकोड करने में ही पसीने आ जाते हैं। अब 2025 की ही बात ले तो सोशियल मीडिया पर डब्ल्यूटीएफ का चलन जोरों से चल रहा है। डब्ल्यूटीएफ का एक तो सीधा साधा अर्थ है क्या मजाक है। पर दूसरी और नए साल के बुधवार से आरंभ होने को लेकर डब्ल्यूटीएफ का धडल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। डब्ल्यूटीएफ के माध्यम से लोगों को डराया भी जा रहा है कि जिस तरह से 2020 में बुधवार से नए साल की शुरूआत हुई थी और उस साल कोरोना के भयावह दौर से गुजरना पड़ा। इस तरह से डब्ल्यूटीएफ के माध्यम से कोरोना काल जैसी त्रासदी की संभावना से लोगों को डराया जा रहा है। अब जिस तरह के चीन से समाचार आ रहे हैं उनमें कितनी सचाई है यह तो दूर की बात है पर उससे दहसत का माहौल बनता जा रहा है। एक समय था जब बच्चों की कम्यूनिकेशन स्कील विकसित की जाती थी। अब सोशियल मीडिया के इस जमाने में कम्युनिकेशन स्किल तो दूर की बात शार्ट कट के आधार पर ही काम चलाया जा रहा है। खास यह कि सामने वाले से यह अपेक्षा की जाती है कि उसे सब कुछ मालूम है।

आने वाली पीढ़ी को गंभीर और चिंतनशील बनाना है तो उसे कट पेस्ट के दुनिया से बाहर लाना ही होगा। कहा जाता है कि जितना अधिक अध्ययन मनन होता है व्यक्ति उतना ही निखर कर आता है। जब इंटरनेट की दुनिया में जो जानकारियां हैं उन्हीं का उपयोग किया जाता है तो ऐसी हालत में चिंतन, मनन, तक-वितर्क, वैचारिक परिपक्वता, शोध आदि की कल्पना करना अपने आप में गलत होगा। ऐसे में तकनीक का उपयोग सहजता के लिए किया जाना तो उचित है पर तकनीक के नाम पर केवल शार्ट कट या कॉपी पेस्ट तक सीमित होना अपने आप में गंभीर चिंता का कारण बन जाता है। शिक्षाविदों को इस पर गंभीर चिंतन करना होगा।

## जयंती


### बाबू गुलाबराय



जन्म-17 जनवरी, 1888; मृत्यु-13 अप्रैल, 1963) भारत के प्रसिद्ध साहित्यकार, निबंधकार और व्यंग्यकार थे। वे हमेशा सरल साहित्य को प्रमुखता देते थे, जिससे हिन्दी भाषा जन-जन तक पहुँच सके। गुलाबराय जी ने दो प्रकार की रचनाएँ की हैं- दार्शनिक और साहित्यिक। उनकी दार्शनिक रचनाएँ उनके गंभीर अध्ययन और चिंतन का परिणाम हैं। उन्होंने अपनी रचनाओं में शुद्ध भाषा तथा परिष्कृत खड़ी बोली का प्रयोग अधिकता से किया है। आधुनिक काल के निबंध लेखकों और आलोचकों में बाबू गुलाबराय का स्थान बहुत ऊँचा है। उन्होंने आलोचना और निबंध दोनों ही क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और मौलिकता का परिचय दिया है।

## पुण्यतिथि

### ज्योति बसु



जन्म-8 जुलाई, 1914 कलकत्ता; मृत्यु-17 जनवरी, 2010 कोलकाता) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के अग्रणी नेताओं में से एक थे, जिन्होंने पश्चिम बंगाल में 23 वर्ष तक लगातार मुख्यमंत्री रहकर संसदीय राजनीति में विशेष ख्याति पायी। भारत में कम्युनिस्ट राजनीति को स्थापित करने वालों में से बसु एक रहे। उन्होंने कलकत्ता के एक कैथोलिक स्कूल और सेंट जेवियर्स कॉलेज से पढ़ाई की। वकालत की पढ़ाई बसु ने लंदन में की। रजनी पाम दत्त जैसे कम्युनिस्ट नेताओं से संबंधों के चलते उन्होंने 1930 में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की सदस्यता ले ली।

## कल मिलेंगे

मास्टरजी-भैंस पूंछ क्यों हिलाती है?
छात्र-क्योंकि पूंछ में इतनी ताकत नहीं होती कि भैंस को हिला सके...

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।
**RNI No. : DELHIN/2016/70240**
**Phone No.: 9871221635**
**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com
(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# पोप फ्रांसिस महीने में दूसरी बार हुए चोटिल

(एजेन्सी)।

**पोप** फ्रांसिस गिर गये और उनकी बांह में चोट आई है। वेटिकन ने एक बयान में यह जानकारी दी। इस घटना से पहले सात दिसंबर को भी पोप को ठुड्डी में चोट आई थी। वेटिकन के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि फ्रांसिस की बांह में फ्रेक्चर नहीं हुआ है, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें एक स्लिंग पहनने की सलाह दी गई है। फ्रांसिस(88) स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं और अक्सर व्हीलचेयर का सहारा लेते हैं। यह घटना 7 दिसंबर की पिछली घटना के बाद की है, जब पोप फ्रांसिस ने कथित तौर पर अपने नाइटस्टैंड पर अपनी ठुड्डी पर प्रहार किया था, जिसके परिणामस्वरूप एक चोट दिखाई दे रही थी। इन घटनाओं के बावजूद, वेटिकन ने आश्वासन दिया कि पोप स्थिर स्थिति में हैं और अपने कर्तव्यों को जारी रखेंगे। पोप फ्रांसिस, जो पिछले महीने 88 वर्ष के हो गए, हाल के वर्षों में विभिन्न स्वास्थ्य चुनौतियों से जूझ रहे हैं। घुटने और पीठ के दर्द के कारण वह अक्सर छड़ी या व्हीलचेयर का उपयोग करते हैं और उन्हें बार-बार इन्फ्लूएंजा के हमलों का सामना करना पड़ा है। विशेष रूप से, 2021 में डायवर्टीकुलिटिस के लिए और फिर 2023 में हर्निया की मरम्मत के लिए उनकी सर्जरी हुई। अपने स्वास्थ्य के बारे में चिंताओं को संबोधित करते हुए पोप फ्रांसिस ने हाल ही में उनकी भलाई और इस्तीफे की संभावना के बारे में अटकलों को कम कर दिया।

पोप ने कॉन्क्लेव को लेकर चल रही अफवाहों पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि जब भी कोई पोप बीमार होता है, तो कॉन्क्लेव की हवाएं हमेशा ऐसी लगती हैं जैसे वे बह रही हों। वास्तविकता यह है कि सर्जरी के दिनों के दौरान भी मैंने कभी इस्तीफा देने के बारे में नहीं सोचा था।

# युद्धविराम के बाद भी इजरायली हमलों में 72 की हुई मौत

(एजेन्सी)।

**गाजा।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि युद्धविराम घोषित होने के बाद से इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 72 लोग मारे गए हैं। इन हमलों ने क्षेत्र में संघर्ष विराम की नाजुकता पर चिंताएँ बढ़ा दी हैं। संघर्ष विराम के बाद नए सिरे से हिंसा हुई है, जिससे इसकी प्रभावशीलता और क्षेत्र में शांति प्रयासों के भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने मामले को आगे बढ़ने से रोकने के लिए तत्काल अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप का आह्वान किया है। हालिया हमले ऐसे समय में हुए हैं जब इजराइल और हमास पिछले 15 महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने और बंधकों को रिहा करने के लिए संघर्ष विराम समझौते पर सहमत होने के करीब हैं।

वार्ता में शामिल दो अधिकारियों ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि हमास ने गाजा पट्टी में संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई के लिए एक मसौदा समझौते को स्वीकार कर लिया है। एक इजराइली अधिकारी ने बताया कि वार्ता में प्रगति हुई है, लेकिन ब्योरे को अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इजराइल-हमास युद्ध में 46,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

# सैफ अली खान पर हमला करने वाले की हुई पहचान

(एजेन्सी)।

**मुंबई** पुलिस ने गुरुवार को कहा कि सैफ अली खान का हमलावर चोरी करने के संभावित इरादे से अग्नि निकास सीढ़ी के माध्यम से अभिनेता के घर में दाखिल हुआ और घंटों तक वहां रहा, मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में उनके घर के अंदर उन्हें चाकू मारने के कुछ घंटों बाद मुंबई पुलिस ने गुरुवार को कहा। रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट के बाद 54 वर्षीय अभिनेता की सर्जरी हुई; वह फिलहाल स्थिर हैं।

हमला देर रात करीब 2.30 बजे बच्चों के कमरे में हुआ जब एक घरेलू सहायिका ने घुसपैठिये को देखकर शोर मचाया। हंगामे का जवाब देते हुए, सैफ अली खान कमरे में दाखिल हुए और घुसपैठिए से भिड़ गए, जिससे हिंसक संघर्ष हुआ जिसमें अभिनेता को छह बार चाकू मारा गया। घरेलू सहायिका के हाथ में भी मामूली चोटें आईं। घुसपैठिया, जिसकी पहचान कर ली गई है, घटनास्थल से भाग गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए दस टीमें गठित कीं।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) दीक्षित गेदाम ने कहा "घटना कल रात की है जब एक आरोपी सैफ अली खान के घर में घुस गया। आरोपी ने घर तक पहुंचने के लिए आग से बचने वाली सीढ़ियों का इस्तेमाल किया। यह चोरी का प्रयास प्रतीत होता है। वह सीढ़ियों का उपयोग करके घर में दाखिल हुआ, जो घर में घुसने का भी काम करता था। आग से बच गए। आरोपी की पहचान कर ली गई है और दस टीमें फिलहाल मामले पर काम कर रही हैं। मुंबई पुलिस के अधिकारियों ने ऑफ-कैमरा ब्रीफिंग में पुष्टि की कि हमले के बाद खान को उनके परिवार और कर्मचारियों द्वारा अस्पताल ले जाया गया था। पुलिस ने आश्वासन दिया कि सैफ अली खान अब खतरे से बाहर हैं और ठीक हो रहे हैं। जब इस बारे में पूछताछ की गई कि आरोपी सैफ अली खान के आवास में कैसे दाखिल हुआ, तो पुलिस ने खुलासा किया कि हमले से पहले संदिग्ध कई घंटों तक घर के अंदर था। अधिकारियों ने अधिक सबूत जुटाने के लिए मामले के संबंध में 25 से 30 सीसीटीवी फुटेज क्लिप की समीक्षा की है।

सूत्रों के मुताबिक, मुंबई पुलिस ने मोबाइल डंप डेटा का इस्तेमाल कर आरोपियों की सफलतापूर्वक पहचान कर ली है। घटना के तुरंत बाद, पुलिस ने क्षेत्र के मोबाइल डंप डेटा एकत्र किया, जिससे पता चला कि हमले के समय कौन से मोबाइल नेटवर्क सक्रिय थे। इस डेटा का विश्लेषण करके, पुलिस अपराध में शामिल संदिग्ध का पता लगाने में सक्षम थी।

समाचार एजेंसी पीटीआई ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया कि अभिनेता सैफ अली खान को उनके फ्लैट के अंदर बार-बार चाकू मारने वाले अज्ञात घुसपैठिए के सीसीटीवी दृश्य इमारत की छठी मंजिल पर पाए गए हैं। हालांकि, घटना से दो घंटे पहले के फुटेज में किसी को भी हाउसिंग सोसाइटी में प्रवेश करते नहीं दिखाया गया, पुलिस ने कहा। घरेलू सहायिका द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई है, जिसमें उसे मामले में प्राथमिक शिकायतकर्ता के रूप में नामित किया गया है।

सैफ अली खान के अलावा उनकी टीम की एक महिला सदस्य भी घायल हो गईं. पुलिस ने कहा कि उसे अस्पताल में भी भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। इस बीच, सूत्रों के अनुसार, मुंबई पुलिस अधिक जानकारी के लिए खान के पांच स्टाफ सदस्यों से पूछताछ कर रही है।

## बीसीसीआई ने सितांशू कोटक को घरेलू सीरीज के लिए बनाया बल्लेबाजी कोच

**(एजेन्सी)।** 22 जनवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज का आगाज होना है। इस सीरीज में भारतीय टीम के पास बल्लेबाजी कोच भी होगा। बीसीसीआई ने सौराष्ट्र के ऑलराउंडर सितांशू कोटक को इस घरेलू सीरीज के लिए बल्लेबाजी कोच चुना है। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। इसकी शुरूआत 22 जनवरी से होगी। सूत्र ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि, कोटक बतौर बल्लेबाजी कोच टीम इंडिया के साथ जुड़ेंगे। टीम इंडिया कोलकाता में तीन दिन का कैंप करेगी जिसके लिए खिलाड़ी 18 तारीख तक वहीं पहुंचेंगे। टीम इंडिया इस समय में मुख्य कोच गौतम गंभीर, अभिषेक नायर (सहायक कोच), रेयान टेन डोएशेट (सहायक कोच), मोर्ने मार्केल (गेंदबाजी कोच) और टी दिलीप के साथ खेल रही है। अब इस दल में एक और एंट्री हो गई है। फिलहाल, गुजरात में जन्मे सितांशु कोटक ने अपने करियर में कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। उन्होंने लिस्ट ए के मुकाबलों में 42.33 के औसत से 3083 रन बनाए हैं। वह क्रिकेट की दुनिया में अपनी शानदार टेक्नीक के लिए जाने जाते हैं। सौराष्ट्र के इस खिलाड़ी ने 130 फर्स्ट क्लास मैच में उन्होंने 41.76 के औसत से 8061 रन बनाए हैं जिसमें 15 शतक लगाए हैं। वहीं 9 टी20 मैचों में उनके नाम 133 रन है।

## हिंडनबर्ग के 'बंद होने' की घोषणा के बाद अडानी समूह के शेयरों में 9% तक उछाल

(एजेन्सी)।

**अडानी** समूह के शेयरों में गुरुवार को उछाल देखने को मिल रहा है। शेयर बाजार में कंपनी के शेयर नौ फीसदी की बढ़त के साथ हरे निशान पर कारोबार कर रहे है। अडानी समूह के खिलाफ रिपोर्ट को पेश करने के बाद चर्चा में आए हिंडनबर्ग फर्म के बंद किए जाने के ऐलान के बाद अडानी समूह के शेयर तेजी से बढ़ने लगे है।

अडानी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट के लिए बदनाम शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने कंपनी बंद करने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद अडानी समूह के शेयरों में इंट्राडे में 9 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजारों में अडानी पावर के शेयर की कीमत में 9.2 प्रतिशत (599.9 रुपये प्रति शेयर) की बढ़ोतरी हुई, अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर की कीमत में 8.8 प्रतिशत (1,126.8 रुपये प्रति शेयर) की बढ़ोतरी हुई, अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर की कीमत में 7.7 प्रतिशत (2,569.85 रुपये प्रति शेयर) की बढ़ोतरी हुई, अडानी टोटल गैस के शेयर की कीमत में 7.1 प्रतिशत (708.45 रुपये प्रति शेयर), अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर की कीमत में 6.6 प्रतिशत (832 रुपये प्रति शेयर) और अडानी पोर्ट्स के शेयर की कीमत में 5.4 प्रतिशत (1,190 रुपये) की बढ़ोतरी हुई। इसके अलावा, अंबुजा सीमेंट्स के शेयर की कीमत 4.5 प्रतिशत (542.9 रुपये प्रति शेयर), एसीसी के शेयर की कीमत 4.1 प्रतिशत (2,054 रुपये प्रति शेयर) और एनडीटीवी के शेयर की कीमत 7 प्रतिशत बढ़कर 157.9 रुपये प्रति शेयर हो गई। तुलनात्मक रूप से, बीएसई सेंसेक्स में आज बढ़त देखी गई, जो सुबह 9:45 बजे 0.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था।

'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में, हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक नैट एंडरसन ने कहा कि उन्होंने हिंडनबर्ग रिसर्च को भंग करने का निर्णय लिया है। एंडरसन ने एक्स पर साझा किए गए एक ब्लॉग पोस्ट में घोषणा की, "योजना यह थी कि हम जिन विचारों पर काम कर रहे थे, उनकी पाइपलाइन पूरी होने के बाद इसे बंद कर दिया जाएगा।

## अब टाटा स्टील शतरंज में हिस्सा लेंगे डी गुकेश

**(एजेन्सी)।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश विश्व चैंपियन बनने के बाद शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। दिसंबर में सिंगापुर में विश्व चैंपियनशिप जीतने के बाद गुकेश ने न्यूयॉर्क में विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। इसके बाद वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे। वह शनिवार को अपना अभियान शुरू करेंगे। शुक्रवार को उद्घाटन समारोह में जोड़ियों की घोषणा की जाएगी। पांच भारतीय पहली बार शतरंज का विंबलडन कहे जाने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाली प्रतियोगिताओं में से एक है जो 1938 से खेली जा रही है। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा रेटिंग वाले भारतीय खिलाड़ी के रूप में शुरूआत करेंगे। इस दौरान वह विश्वनाथन आनंद के बाद 2800 ईएलओ रेटिंग पार करने वाले दूसरे भारतीय बन गए थे। 14 खिलाड़ियों और 13 दौर की इस प्रतियोगिता में आर प्रज्ञानानंदा भी दौड़ में होंगे। प्रज्ञानानंदा के दुनिया के युवा खिलाड़ियों में शायद सबसे ज्यादा प्रशंसक हैं। विदित गुजराती को इस प्रतियोगिता से हटना पड़ा और आयोजकों ने उनकी जगह पी हरिकृष्णा को चुना। पांचवें भारतीय लियोन ल्यूक मेंडोंका हैं जिन्हें चैलेंजर्स वर्ग के पिछले चरण में जीत के बाद एलीट शतरंज में अपना पहला बड़ा ब्रेक मिला है। विश्व की शीर्ष रेटिंग पर काबिज नार्वे के मैग्नस कार्लसन एक बार फिर इस टूर्नामेंट में एक बार फिर भाग नहीं लेंगे जिनकी शादी को अभी दो सप्ताह भी नहीं हुए हैं। इसी तरह अमेरिका के तीसरी रैंकिंग के हिकारू नाकामुरा भी इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे। अमेरिका के फैबियानो कारुआना शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में शुरूआत करेंगे जिसमें उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव और चीन के गत विजेता वेई यी भी भाग लेंगे।

# विधान से ही है सभी समस्याओं का समाधानः अपर जिला जज




**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**

**बदायूँ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वाधान में एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुक्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा गुरुवार को महिलाओं के हितार्थ विधिक जागरूकता कार्यकम विधान से समाधान के अन्तर्गत विधिक साक्षरता/ जागरूकता शिविर का आयोजन ब्लाक- उझानी, जनपद बदायूं में आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारम्भ अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी, की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में थानाध्यक्ष महिला थाना जनपद बदायूं, पूनम सिंह द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि महिलाओं महिलाओं को झांसी की रानी की तरह रहना चाहिए एवं बेटियो को पढ़ाना-लिखाना चाहिए बेटियों को चांद नही सूरज की तरह चमकाना बाहिए अपितु बेटिया 2-2 घरों को रोशन करती हैं के वारे में विस्तार पूर्वक जानकारी जानकारी प्रदान की गयी। एल०ए०डी०सी०एस०/जि०वि० से०प्रा०, बदायूं, की असिस्टेन्ट, कशिश सक्सेना, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं के विधिक अधिकारों से सम्बन्धित एवं 3 नये कानूनों के बारे में एवं धारा-12 के चारे में महिलाओं को घरेलू हिंसा से सम्बन्धित व एस०सी०/एस०टी० एवं किसी भी जाति की महिला एवं बच्चों आदि कैटागिरी जो पात्रता की श्रेणी में आते हैं उनको नि शुल्क अधिवक्ता भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूं से दिये जाते हैं साथ ही नालरा स्कीम व महिलाओं के साथ हो रहे विभिन्न प्रकार के अत्याचार से सम्बन्धित भी विस्तार पूर्वक जानकरी प्रदान की गयी। सहायक विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण विभाग, बदायूं, नीरज सागर, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा चलायी जा रहीं विभिन्न प्रकार की योजनाओं व विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेशन, मुख्यमन्त्री विवाह योजना से सम्बन्धित विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी।

प्रभारी अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उझानी, बदायूँ, डा० राजकुमार गंगवार द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को जागरूक करी हुए एंबुलेंस के लिए टोल फ्री नम्बर 108 है इस नम्बर पर आपातकालीन स्थिति में धौबीसों घंटे नि शुल्क सहायता का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, एवं 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों आदि के लिए भी नि शुल्क एंबुलेंस की सुचिबधा उपलब्ध है।

# हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से बीपीएल परिवारों को स्वयं रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से दिया जा रहा ऋण

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, बीपीएल परिवार को अपना रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।



उपायुक्त ने बताया कि योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1 लाख 80 हजार रुपये (परिवार पहचान पत्र अनुसार) से अधिक न हो। ऐसे परिवार को बैंकों के माध्यम से 1 लाख 50 हजार रुपये तक का ऋण पशुपालन, किरयाना दुकान, मनिहारी दुकान, ब्यूटी पार्लर, ई-रिक्शा, सूअर पालन या अन्य कोई लाभप्रद योजना इत्यादि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि निगम द्वारा कुल लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम 10 हजार रुपये तक का अनुदान व 10 प्रतिशत मार्जिन मनी 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है तथा बकाया ऋण बैंकों द्वारा दिया जाता है। इच्छुक आवेदक हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम कार्यालय में आवेदन के लिए संपर्क करें।

# मुख्यमंत्री हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों की बैठक की करेंगें अध्यक्षताः उत्तम सिंह



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन (करनाल)के सभागार में उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों की बैठक का आयोजन होगा। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, डीजीपी शत्रुजीत कपूर सहित मंडल आयुक्त तथा सभी रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों, पुलिस आयुक्त मौजूद रहेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में चल रही विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की गति को तेज करने तथा आम जनता की सुरक्षा व कानून व्यवस्था को बेहतरीन बनाने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर उच्च अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा करेंगे और हमारा संविधान- हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत संविधान प्रस्तावना वाचन भी करेंगे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने वीरवार को संयुक्त रूप से जिला के प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और प्रबंधों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने बैठक के सफल आयोजन को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए है। उन्होंने बताया कि जिला के उच्च अधिकारियों को अलग-अलग ड्यूटी सौंपी गई है जोकि पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर रखेगें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कॉन्फ्रेंस के दौरान बिजली की व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रहें और डीजी सेट का प्रबंध सुनिश्चित किया जाए तथा इंटरनेट का प्रबंध किया जाए। इसके अलावा बेहतरीन साउंड सिस्टम लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्किंग की व्यवस्था की जाए और वहां साइन बोर्ड भी लगाए जाए।

कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान एडीसी यश जालुका, एसडीएम अनुभव मेहता, एसडीएम असंध राहुल, एसीयूटी योगेश सैनी, जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार, एसडीएम नीलोखेड़ी अशोक कुमार, शुगर मिल के एमडी हितेंद्र शर्मा, एसडीएम इंद्री अशोक कुमार, सीटीएम मोनिका शर्मा, डीडीपीओ संजय टांक सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

# स्टार्टअप इनक्यूबेटर सेंटर दे रहा ग्रामीण छात्रों के सपनों को नई उड़ान



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय, सेक्टर-1 में स्थापित स्टार्टअप इनक्यूबेटर सेंटर ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए उनके व्यवसायिक सपनों को साकार करने का एक मजबूत और सशक्त मंच बनकर उभर रहा है। यह सेंटर न केवल छात्रों को उनके अनूठे विचारों को व्यवसाय में बदलने के लिए मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध करवाता है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने के साथ रोजगार सृजन के अवसर भी प्रदान करता है।

इस सेंटर से जुड़े सरकारी कॉलेज कालका, सरकारी महिला कॉलेज, और सरकारी कॉलेज बरवाला के कई छात्र अपने स्टार्टअप्स के माध्यम से सफलता की नई कहानियां लिख रहे हैं। ये छात्र अपने प्रयासों से न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में भी योगदान दे रहे हैं। इस पहल के माध्यम से, छात्रों को व्यवसायिक कौशल, मार्केटिंग, और वित्तीय प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनके व्यवसाय के विकास को गति मिल रही है। यह इनक्यूबेटर सेंटर नवाचार, उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता की दिशा में छात्रों की सोच को सशक्त बनाने का एक शानदार उदाहरण बन गया है।

यह सेंटर युवाओं को 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करने की प्रेरणा दे रहा है ताकि उनका भविष्य सुखमय और समृद्ध बने। इस प्रकार सेंटर ने युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर देकर उन्हें देश के होनहार नागरिक बना रहा है।

# मारपीट करके गुगल पे से जबरन रुपये करवाये थे ट्रांसफर, पुलिस ने दो को किया काबू

## पुलिस ने तुरंत बैंक अकाउंट करवाया फ्रीज, रिमांड के दौरान संपत्ति होगी रिकवर



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** पंचकूला पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के निदेर्शानुसार पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक के नेतृत्व में जिला में चोरी, लुट व स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत पुलिस चौकी मढ़ावाला इन्चार्ज उप निरीक्षक प्रदीप कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को काबू किया है।

जानकारी के अनुसार अब्दुल वाहिद पुत्र जलालुदीन वासी गांव भदोखर जिला सिद्धार्थनगर, का रहने वाला है और गांव रामपुरजंगी में कई सालों से कबाडी का काम करता है। पीडित हर रात की तरह खाना खाकर उसी स्थान पर बनी टीन शेड में सोया था तभी देर रात तीन युवकों ने अब्दुल वाहिद के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब पीडित ने इस बारे एतराज जताया तो उसे जान से मारने की धमकी दी और फोन छीनकर जबरदस्ती गुगल पे से 58000 रुपये ट्रांसफर करवा लिए और जेब से 3000 रुपये लेकर फरार हो गए। पीडित ने इसकी शिकायत थाना पिंजौर में दी जिसके आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(6), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर अपराधियों की जांच में जुट गई। इस मामले में दिनांक बीती 15 जनवरी को मढ़ावाला चौकी इन्चार्ज उप निरीक्षक प्रदीप कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए लूट की घटना को अंजाम देने वाले 2 आरोपियों को गांव रामपुर जंगी से काबु करने में सफलता हासिल की है। आरोपियो की पहचान कृपाल सिंह पुत्र दया सिंह वासी गांव रामपुर जंगी पिंजौर व आशीष मेहता पुत्र मान सिंह वासी बरोटीवाला, सोलन हि.प्र के रूप में हुई है।

आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान लुटी गई संपत्ति रिकवर करने के साथ-साथ तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# समाजसेवी डॉ. सोनू शंकर ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**एसबी ब्यूरो**

**तेघड़ा/बेगूसराय।** एकाएक बढ़ती ठंड से तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों व सुदूरव्रती गांवों में ठिठुर रहे गरीब असहायों के बीच युवा समाजसेवी डॉ. सोनू शंकर ने कंबल वितरण किया। गुरुवार को सड़क किनारे, ग्रामीण क्षेत्रों तथा गरीबों की मोहल्ले में कंपकंपा देने वाली ठंड की सुबह-सुबह असहायों के बीच कंबल वितरण करना एक साहसिक कदम है। रात के अंधेरे में जब सारा जहां ठंड से अपने घरों में दुबके हों ऐसी परिस्थिति में असहायों की सुधि लेने की समाजसेवी ने बहार निकल गरीबों का दर्द समझ सैकड़ों गरीबों व असहायों के बीच कंबल बांटे। कंबल वितरण के दौरान समाजसेवी ने कहा कि गरीबों व असहायों को मदद करना मेरी नियती में शामिल है। उन्होंने कहा कि मैंने यह निश्चय किया कि जितना हो सके मैं अब असहायों को ठंड से मरने से बचाऊंग । तबसे मैं सार्वजनिक स्थलों पर घूमघूम कर जरूरतमंद असहायों के बीच गर्म कपड़े व कंबल का वितरण कर रहा हूं। डॉ.सोनू शंकर ने कहा कि आज से तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र में गरीब लोगों के बीच में कंबल बांटने की काम शुरू किया हूं।यह काम मेरे पिताजी भी किया करते थे। और आज भी उसी प्रथा को हम व्यक्तिगत रूप से आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। उक्त मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मानवीय भावनाओं के सागर थे अर्जुन बाबूः मंत्री

## श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री



**एसबी ब्यूरो**

**विद्यापतिनगर।** प्रखंड अंतर्गत मऊ धनेशपुर दक्षिण पंचायत निवासी समाजसेवी व पुरानी दुर्गा पूजा समिति मऊ के सचिव स्मृति शेष अर्जुन प्रसाद सिंह के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सेवानिवृत राजस्व कर्मी अवधेश कुमार सिंह ने की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान बिहार सरकार में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने स्व. सिंह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि स्मृति शेष अर्जुन बाबू मानवीय भावनाओं के सागर थे। उन्होंने जीवन पर्यन्त सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता दी थी। वें न केवल किसानों के लिए नजीर थे बल्कि पूरे इलाके में विराट व्यक्तित्व वाले एक सच्चे और अच्छे इंसान के रूप में भी उनकी पहचान थी। सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सदैव अपनी महत्ती भूमिका निभाने वाले अर्जुन बाबू के आकस्मिक निधन से मैं बहुत मर्माहत हूं। पुरानी दुर्गा मंदिर, मऊ के सम्यक विकास और नव निर्माण में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मंत्री ने कहा कि अर्जुन बाबू न केवल एक सच्चे समाजसेवी, धार्मिक व शालीनता की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने हमेशा गरीबों, मजलूमों की सेवा की। वह हमारे बीच नहीं हैं किंतु उनके आदर्श व सिद्धांत हमेशा हम सबको प्रेरणा देते रहेगें।

मौके पर जदयू प्रदेश सचिव धीरेन्द्र कुमार सिंह, युवा जदयू जिलाध्यक्ष विशाल कुमार, प्रखंड जदयू अध्यक्ष रंजीत सिंह टुनटुन, मुखिया दिनेश प्रसाद सिंह, सरपंच चतुर्भुज प्रसाद सिंह, मऊ धनेशपुर उत्तर पैक्स अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, बाजिदपुर पैक्स अध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता, विमल प्रसाद सिंह, जदयू नेता सुरेंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, कुंदन सिंह, सीता गिरी, अमरनाथ मुन्ना, पत्रकार पदमाकर सिंह लाला, संजीव कुमार सिंह, रामाधार झा, राजकुमार पाण्डेय, पंकज कुमार सिंह, दिनेश पासवान, देवेन्द्र महतो, छोटे भाई मिथिलेश कुमार सिंह, पुत्र बच्चा सिंह, अभिमन्यु सिंह, भतीजा मऊ धनेशपुर दक्षिण पैक्स अध्यक्ष रामबिहारी सिंह पप्पू आदि लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इससे पहले मंत्री ने उनके पुत्र बच्चा सिंह व स्वजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाते हुए अपनी शोक संवेदना व्यक्त किया।

# ट्राइसिटी को देशभक्ति रंग में रंगने के लिए आगे आए एनके प्रोडक्शन और एनआरए डायरेक्शन

## ट्राइसिटी में होने जा रहा है देशभक्ति से ओतप्रोत डांस प्रतियोगिता व अवार्ड शो



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**चंडीगढ़।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 19 जनवरी को ट्राइसिटी में देशभक्ति से ओतप्रोत डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जोकि एनके प्रोडक्शन और एनआरए डायरेक्शन द्वारा करवाया जा रहा है। इसमें दूसरे प्रदेशों से भी प्रतिभागी आकर अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

वहीं इस बारे जानकारी देते हुए नेहा खन्ना ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों के मन में देशप्रेम को बढ़ाना और लोगों को देशभक्ति रंग में रंगना है ताकि हम सभी मिलकर देश में प्रेम और सद्भावना का प्रकाश चारों तरफ कर सकें और इसके साथ ही देश के युवाओं में छिपी हुई प्रतिभा को बाहर लाना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में चार से 4 वर्ष से 17 वर्ष के बच्चों के लिए पैट्रियोटिक अवार्ड व डांस ब्लास्ट कार्यक्रम कॉस्मो मॉल जीरकपुर में 19 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है।

इस मौके पर टीवी कलाकार, व समाजसेवी भी वहां पहुंचेंगे और प्रतिभावान बच्चों को अपना आशीर्वाद देंगे। इस आयोजन के लिए जहां एक तरफ अनेकों प्रतिभागी इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे इसके साथ ही कई पार्टियों के नेता, बिजनेसमैन भी इस आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। इसी कड़ी में आयोजन के लिए पंचकूला के जाने माने बिजनेसमैन व समाजसेवी एमके भाटिया को इस आयोजन का विधिवत निमंत्रण देने आयोजक नेहा खन्ना व समाजसेविका सीमा ठाकुर पहुंची।

बता दें कि गणतंत्र दिवस पर ट्राइसिटी में होने जा रहे इस आयोजन को लेकर जहां प्रतिभागियों में भारी उत्साह है वही आयोजक भी इस आयोजन को लेकर काफी उत्सुक हैं।

# राजौंद नगर में गलियों में स्ट्रीट लाइटें लगाने की नागरिको की अपील



**एसबी संवाददाता**

**राजौंद।** नगर राजौंद में मुख्य गलियों में नागरिकों ने लाइट लगाने की सरकार व प्रशासन से अपील की है। बताया गया है कि पहले से लगी आधे से ज्यादा स्ट्रीट लाइट खराब हो चुकी है। शाम होते ही पूरा नगर अंधेरे में डूब जाता है। जिसमें पेगा रोड, वार्ड नंबर 7 और 8, वह अन्य कॉलोनियों में लगी स्ट्रीट लाइट या तो बंद पड़ी है खराब हो चुकी है। शहर में कुछ खंभों पर से तो स्ट्रीट लाइटें ही गायब हो चुकीं हैं। सर्द ऋतु में कोहरे में धुंध की वजह से विजिबिलिटी कम हो रही है वहीं दूसरी और स्ट्रीट लाइट न होने के कारण चोरी की घटनाएं बढ़ जाती है। शहर में सड़क मार्ग असंध-कैथल मार्ग, जींद रोड, पूंडरी रोड, किठाना रोड, खेड़ी सिंबल वाली रोड, आदि मार्ग पर बने डिवाइडरों पर लाइट नहीं लग पाई है। सड़कों पर भी अंधेरा रहता है। जिससे दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। नागरिक, सरकार व प्रशासन से जानना चाहते हैं कि नगर राजौंद कब जगमग होगा। नगर में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण नगर के लोगों में सरकार व प्रशासन के प्रति उदासीनता है। स्थानीय निवासी विशाल, दीपक, सोमबीर, बबलू, विक्रम, देशराज, मोहन, सिंदर आदि ने सरकार व प्रशासन से राजौंद में स्ट्रीट लाइट लगाने की अपील की है।

# 'विराट व्यक्तित्व के धनी थे प्रभु बाबू'

## श्रद्धांजलि सभा में सामाजिक व राजनीतिक लोगों ने किया शिरकत



**एसबी ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के भैरवार पंचायत स्थित राजशाहीपुर इनियार गांव निवासी समाजसेवी व धर्म परायण व्यक्तित्व स्मृति शेष प्रभु साह के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता स्व. साह के पुत्र व भैरवार पंचायत के मुखिया गांधी साह ने की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान दर्जनों सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने स्व. साह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर यूथ बिग्रेड के संयोजक पदमाकर सिंह लाला ने कहा कि स्मृति शेष प्रभु बाबू मानवीय भावनाओं के सागर थे। उन्होंने जीवन पर्यन्त सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता दी थी। वें न केवल सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक लोगों के लिए नजीर थे बल्कि पूरे इलाके में विराट व्यक्तित्व वाले एक सच्चे और अच्छे इंसान के रूप में भी उनकी पहचान थी। सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सदैव अपनी महत्ती भूमिका निभाने वाले प्रभु बाबू के आकस्मिक निधन से पूरा इलाका मर्माहत हैं। पंचायत के सम्यक विकास में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। पूर्व मुखिया गांधी साह ने कहा कि प्रभु बाबू न केवल एक सच्चे समाजसेवी, धार्मिक व शालीनता की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने हमेशा गरीबों, मजलूमों की सेवा की। वह हमारे बीच नहीं हैं किंतु उनके आदर्श व सिद्धांत हमेशा हम सबको प्रेरणा देते रहेगें। मौके पर युवा समाजसेवी कुंदन कुमार सिंह, संदीप कुमार पाठक, सूरज कुमार सिंह, गोपाल यादव, देवेन्द्र साह, मुरारी साह, ज्ञानी साह, मदन साह, मधुशंकर साह, दामाद नवीन कुमार साह, सिद्धार्थ चंद्रा, पुत्री लक्ष्मी कुमारी, आशा कुमारी, पौत्री बबली कुमारी, सोनी कुमारी, आराध्या कुमारी, साजन साह, रामबाबू साह, दीपक साह, सोनू साह आदि लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# हिमाचल से गांजा लाकर पंचकूला के क्षेत्रों में बेचता था, डिटेक्टिव स्टाफ ने किया काबू

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने जिला में नशा पर पुर्ण रूप से लगाम लगाने हेतु कड़े निर्देश दिए है। इसके अलावा जिला को नशा मुक्त बनाने को लेकर 'नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान अभियान' के तहत जिला में लोगों को नशे से बचने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। साथ ही ड्रग तस्करी में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए है।

बीती 15 जनवरी को डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने गांजा तस्करी के मामले में 1 आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान नूर आलम पुत्र श्री कलामुदीन वासी गांव जगदीशपुर जिला भोजपुर (बिहार) उम्र 21 हाल किरायेदार प्रीतम कॉलोनी गांव मढ़ावाला जिला पंचकुला के रुप में हुई है। पुलिस को गुप्त सुत्र से सूचना मिली कि नूर आलम बद्दी हिमाचल से गांजा लाकर मढ़ावाला मे बेचने का काम करता है जो आज भी अपने किसी ग्राहक को गांजा सप्लाई करने के लिए गांव खोखरा नजदीक मन्नू धर्मकांटा के सामने मेन सड़क पर खडा है जिसके आधार पर डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने सहायक उप निरीक्षक की अगुवाई में बताये गए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को घेरा ड़ालकर काबू किया।

# परिवहन विभाग ने लागू की ओटीएस एक मुफ्त समाधान योजना

**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**

**बदायूं।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनहित में दिनांक 6.11.2024 को अथवा उसके पूर्व पंजीकृत व्यावसायिक वाहनों पर देय कर लागू जुर्माना शास्ति को समाप्त करने हेतु एक मुश्त समाधान योजना डळर लागू की गई है यह सुविधा 6 11.2024 से 3 माह के अंदर दिनांक 5-2 -2025 तक लागू है जिसमें आवेदक परिवहन कार्यालय में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन कराधान अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

आवेदन पत्र के साथ 7500 किलोग्राम तक के वाहन हेतु रुपए रू 200/-तथा उससे अधिक भारी वाहन हेतु रुपए 500 /- शुल्क जमा करना होगा समस्त बकाया देय कर एक बार में जमा करना होगा। समस्त बकायदारों के ऐसे प्रकरण भी जो माननीय न्यायालय उप परिवहन आयुक्त यात्रीकर के स्तर पर लंबित है, वे भी आवेदन कर सकते हैं परंतु कर जमा कराने के पूर्व उन्हें संबंधित माननीय न्यायालय/अधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अनुमति लेनी होगी।

ऐसे प्रकरण जिसमें वाहन वित्तपोशाक द्वारा अपने कब्जे में लिया गया है या उसके विरुद्ध वसूली प्रमाण पत्र जारी है वह भी योजना के पात्र हैं। यह अधिसूचना परिवहन विभाग की वेबसाइट htt//uptransport.gov.in/en-/ पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु उप संभागीय परिवहन कार्यालय बदायूं से संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

# कैथल जिले के समाधान शिविरों में आई 13 शिकायतें, सभी का हुआ मौके पर समाधान

## मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार उप मंडल स्तर पर समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार तथा डीसी प्रीति के मार्गदर्शन लघु सचिवालय के साथ-साथ उप मंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन निरंतर रूप से किया जा रहा है। जिले के सभी समाधान शिविरों में कुल 13 शिकायतें आई, जिनमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अन्य शिकायतों के त्वरित निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।



**मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी।**

लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में छह शिकायतें आई, जिसमें से छह का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं उपमंडल गुहला-चीका के खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी कार्यालय में लगाए जा रहे समाधान शिविर में सात शिकायत प्राप्त हुई, जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। कलायत एसडीएम कार्यालय में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई। डीसी प्रीति ने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार की एक अच्छी पहल है। आमजन को एक ही छत के नीचे सभी विभागों से जुड़े अधिकारी मौजूद रहते हैं, जिससे किसी समस्या का जल्द समाधान होना संभव हो जाता है। आमजन को इन शिविरों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समाधान शिविर में स्वयं उपस्थित रहें और लोगों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनें। शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाए।

इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों आती हैं।

# मानसून सीजन से पहले गुरुग्राम व्यापाक मोबिलिटी मैनेजमेंट प्लान-2020 को करवाया जाए पूरा: राव नरबीर सिंह

**एसबी संवाददाता/विजेश कुमार**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुरुग्राम में यातायात नियंत्रण व मेट्रो कनेक्टिविटी से संबंधित इंटर लिकिंग रूट के लिए तैयार की गई व्यापक मोबिलिटी मैनेजमेंट प्लान-2020 से संबंधित गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण तथा गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड से संबंधित ग्रेड सेपेस्टर्स के कार्यों को मानसून सीजन से पहले-पहले पूरा करवाया जाए।



मंत्री राव नरबीर सिंह ने जीएमडीए व जीएमआरएल और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व गुरुग्राम नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम को स्वच्छ व सुगम यातायात आवाजाही शहर बनाना उनका उद्देश्य है। उद्योग की दृष्टि से गुरुग्राम देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक शहरों में से एक है। यहां पर मेट्रो रेल सहित रैपिड मैट्रो, इंटर रिंग रोड, आरआरटीएस जैसी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पर जोर दिया गया है। इसलिए इस कार्य को पूरा करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि आरओबी व आरयूबी तथा मेट्रो के लिए ग्रेड सेपेस्टर्स पर यू टर्न बनाते समय बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था अवश्य की जानी चाहिए। बरसात के समय इन स्थानों पर जलभराव की स्थिति न आए। अभी मानसून में 6 महीने का समय है, इसलिए इस कार्य को अधिकारी प्राथमिकता से करवाएं।

बैठक में जानकारी दी गई कि मिलेनियम सिटी सेंटर-रेलवे स्टेशन-सेक्टर-22-साइबर सिटी तक जाने वाली मैट्रो कनेक्टिविटी की कुल लंबाई 28.50 किलोमीटर होगी तथा इस पर 27 स्टेशन होंगे और एक मैट्रो डिपो का निर्माण करवाया जाएगा। जिसकी भूमि सहित परियोजना की अनुमानित लागत 5452.72 करोड़ रुपये होगी।

व्यापक मोबिलिटी मैनेजमेंट प्लान-2020 के तहत 35 ग्रेड सेपेस्टर्स व 3 आरओबी-आरयूबी तथा 200 इंटर सेक्शन जंक्शन का सुधार व विकास करवाया जएगा।

# कर्मचारी हाजिरी लगाकर ही काम करें शुरू, ड्यूटी से न रहें अनुपस्थित: डॉ. वैशाली शर्मा

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** शहर में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने को लेकर नगर निगम गम्भीर है। इसे लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने तीसरे दिन शहर के जोन नम्बर 3 का दौरा कर मुख्य सडकों व विभिन्न कॉलोनियों की गलियां घूमकर साफ-सफाई को चेक किया। इस दौरान सफाई के साथ-साथ दरौगा और सफाईकर्मी, दोनो के हाजिरी रजिस्टरों की जांच भी की गई। दौरे में उनके साथ अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार भी मौजूद रहे।



निगमायुक्त ने निरीक्षण में सफाईकर्मियों का हाल-चाल भी जाना। सडकों की साफ-सफाई को बेहतर बताकर सफाईकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। साथ में यह भी नसीहत दी कि सफाईकर्ता अपने हाजिरी लगाकर ही काम शुरू करें और अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित न रहें। सभी अपनी-अपनी ड्रेस पहनकर काम पर आएं। उन्होंने दौरे में मौजूद अतिरिक्त निगम आयुक्त और सहायक सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए कि सफाई के साथ-साथ कूड़े-कचरे की समय पर लिफ्टिंग सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने कूड़ा-कचरा संग्रहण करने वाले टिप्परों के चालकों से बात की और जीपीएस सिस्टम को चेक किया। टिप्परों के जरिए नागरिकों को सुनाई जाने वाली कूड़ा डालने की उद्घोषणा और प्रसारित होने वाले स्वच्छता गीत को भी सुना। उन्होंने टिप्पर ड्राईवर व हैल्पर को निर्देश दिए कि लोगों को टिप्पर में कूड़ा डालते समय दिक्कत नहीं आनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने नागरिकों की मदद करने को कहा। राम नगर होगा अतिक्रमण मुक्त- दौरे में निगमायुक्त ने राम नगर की सडकों को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदारों का सामान अंदर करवाया जाए। कोई भी दुकानदार अपनी सीमा से बाहर सामान को न रखे। इसके अतिरिक्त सडकों पर लगने वाली रेहड़ी-फड़ी को भी हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण को लेकर कार्यालय में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। बता दें कि निगमायुक्त के निर्देश के बाद नगर निगम की टीम द्वारा मुनादी शुरू करवाकर लोगों को अतिक्रमण न करने को कहा गया है।

# खरकां में वॉलीबॉल व कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

## नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा व खेलों में लगाएं युवावर्ग: एसपी



**संजना भारती संवाददाता**

**कैथल।** शहिनशाह रूहानी सत्यंसग दरबार साहिब खरकां द्वारा श्री गुरु दाता शहिनशाह जी के प्रकाश पर्व की खुशी में गांव खरकां में आयोजित वॉलीबॉल व कबड्डी कप में एसपी राजेश कालिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस अवसर पर ग्रामवासियों ने एसपी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर एसपी राजेश कालिया ने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा शिक्षा व खेलों में लगाएं तथा अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने मां-बाप तथा इलाके का नाम रोशन करें।अभिभावकों को बच्चों की दिनचर्या और उनकी गतिविधियों की निगरानी रखनी चाहिए। पुलिस प्रशासन की ओर से नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में आमजन आगे आकर अपनी अग्रणी भूमिका निभाए तथा और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि नशे को समाज से पूरी तरह से खत्म किया जा सके। एसपी ने कहा कि जिला पुलिस सभी गांवों में युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दे रही है, जिसके काफी सार्थक परिणाम आ रहे है। युवाओं से आह्वान करते हुए एसपी ने कहा कि हमारे देश में अनेक खिलाड़ी तथा अन्य व्यक्ति है जिन्होंने हमारे देश का परचम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फहराया है। उन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अपना आदर्श मानकर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चला रही है, जो जिले में आमजन तथा युवा वर्ग को जागरूक करने के लिए डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में पीएसआई रामलाल, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार व होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम का गठन किया गया है। जिनके द्वारा इस मुहिम के तहत युवाओं तथा आम लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए लगातार सेमिनार, गोष्ठियों तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

एसपी ने कहा कि नशा समाज को लगातार खोखला कर रहा है। पुलिस विभाग नशा मुक्त हरियाणा मुहिम तहत निरंतर रूप से नशा तस्करों पर शिकंजा कसा रहा है। किसी भी नशा तस्कर को बक्शा नहीं जाएगा। नशा तस्कर इस प्रकार के धंधे को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो।

पुलिस द्वारा नशा तस्करों को पीट एनडीपीएस एक्ट तहत भी डिटेन करवाकर जेल में भेजा जा रहा है। नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती और बड़ी समस्या है और इस चुनौती से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर अपनी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की असली जगह जेल है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच होकर पुलिस को दें।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया जा रहा 10 दिवसीय अगरबती प्रशिक्षण



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** स्थानीय खंड विकास एवं पंचायत विभाग के सभागार में खादी ग्रामोदय आयोग अंबाला कैंट द्वारा ज्योति ग्रामीण विकास मंडल के सहयोग से 10 दिवसीय विद्युत अगरबती प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे मंडल के अध्यक्ष एंव राष्ट्रीय युवा पुरुस्कार विजेता फूल कुमार कादियान ने बताया कि अगरबती प्रशिक्षण का उदेश्य स्वरोजगार को प्रोत्साहित करना एंव सामाजिक भागीदारी को मजबूत करना है। ताकि युवा एंव महिला सक्षम हो सके। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में राहड़ा, सालवन, फफड़ाना और चौचड़ा गांव की 20 महिलाएं अपने रोजगार के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी विद्युत मशीन और मार्केटिंग की जानकारी भी दी जा रही है। इस दौरान प्रशिक्षक सोनिया द्वारा कच्चा माल के उपयोग की जानकारी व आगामी अगरबती, धूप व अन्य पर्यावरण जागरूकता हेतु सक्षम ज्ञान की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण हेतु सभी 20 महिलाओं को निशुल्क अगरबत्ती मशीन, जलपान, भोजन, कच्चा माल व वहन खर्च भी दिया जाएगा। ताकि उन्हें कोई भी परेशानी न आए।

इस कार्यक्रम में पूनम, बबीता, पिंकी, रेणु, एमआरएलएम अधिकारी ओमपाल ने भी विशेष सहयोग दिया।

# साहित्य जीवन का बहता दरिया है: भारत भूषण

## ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का किया आयोजन



**ऑनलाइन काव्य गोष्ठी में भाग लेते कवि। (छाया: एसबी)**

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** जीवन एक बहता दरिया साहित्यिक समूह के द्वारा ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन प्रतिष्ठित कवि भारत भूषण वर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि साहित्य ही जीवन का बहता दरिया है जो निरंतर जीवन के साथ प्रवाहित होता रहता है। उन्होंने अपनी रचना के माध्यम से जीवन दर्शन को प्रस्तुत करते हुए जीवन को सकारात्मक रूप को आत्मसात करने का संदेश दिया। इस अवसर पर बिजनौर उत्तर प्रदेश से रमा त्यागी ने बेटियों की महिमा का गान किया। कानपुर के कवि डॉ. विद्याशंकर अवस्थी ने मकर संक्रांति विषय पर शानदार रचना की प्रस्तुति दी और हरिद्वार से डॉ. अशोक गिरि ने नूतन वर्ष के शुभ संकल्प को अपनी रचना के माध्यम से प्रस्तुत किया। पंचकूला से रेणु अब्बी ने सर्दी विषय पर दोहे प्रस्तुत किए। इसी क्रम में कोलकाता से प्रणति ठाकुर में श्रृंगारिक रचना प्रस्तुत की। पुणे महाराष्ट्र से शुभांगी ने नारी वेदना को दशार्या। कटनी मध्य प्रदेश से शिल्पा गुप्ता और और उर्मिला कुमारी ने भी शानदार रचनाएं प्रस्तुत की। अंत में संयोजक भारत भूषण वर्मा ने सभी के धन्यवाद से कार्यक्रम का समापन किया।

# दयालु योजना के तहत मृत्यु या दिव्यांग होने पर दी जाती है आर्थिक सहायता: उत्तम सिंह

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) लागू की गई है। इसके तहत प्रदेश के गरीब परिवारों में 6 से 60 साल की आयु तक के किसी व्यक्ति की मृत्यु होने अथवा दिव्यांग होने पर आर्थिक मदद दी जा रही है। इस योजना के दायरे में एक लाख 80 हजार रुपये तक की आय वाले परिवार आएंगे। ऐसे परिवारों में 1 अप्रैल 2023 से किसी की मृत्यु हुई है या 100 प्रतिशत दिव्यांग हुआ है तो वह परिवार इस योजना का पात्र माना जाएगा। आवेदन के लिए परिवार के पास पीपीपी होना जरूरी है। यदि परिवार में किसी की एक्सीडेंट या प्राकृतिक मृत्यु हुई है, तो उसका मृत्यु प्रमाण पत्र देना होगा। यदि एक्सीडेंट में दिव्यांग हुआ है तो उसका दिव्यांगता प्रमाण पत्र, अस्पताल से डिस्चार्ज के दस्तावेज और एफआईआर की कॉपी जरूरी है।



डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि दयालु योजना का मुख्य उद्देश्य पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता करना है, जिससे उन्हें सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा मिल सके। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र में जो बैंक खाता नंबर दिया हुआ है, उसी में सहायता राशि को भेजा जाएगा। दुर्घटना होने के तीन माह के भीतर इस योजना के तहत आवेदन करना आवश्यक है। इसके लिए हरियाणा सरकार ने दयालु पोर्टल बनाया हुआ है। जिस पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि दयालु योजना के तहत गरीब परिवारों के 6 से 12 साल तक के बच्चे की मृत्यु या 100 प्रतिशत दिव्यांग होने पर एक लाख रुपये दिए जाएंगे, इसी प्रकार से 12 से 18 वर्ष की आयु पर 2 लाख रुपये, 18 से 25 वर्ष की आयु तक 3 लाख रुपये, 25 से 45 वर्ष की आयु पर 5 लाख रुपए और इसके बाद 60 साल की आयु पर 3 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में कारगर हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना: उपायुक्त

**एसबी विशेष संवाददाता/करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की हुई है। योजना के तहत 18 से 60 वर्ष की आयु की महिलाओं को 5 लाख रुपये तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि 18 से 60 वर्ष की आयु की जिन महिलाओं की पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो और वे पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं हो, इस योजना के तहत आवेदन कर सकती हैं।

# डीसी ने किया लघु सचिवालय कार्यालयों का औचक निरीक्षण

## कई कर्मचारियों की मौके पर ही लगाई गैर हाजिरी



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने वीरवार सुबह नौ बजे से लघु सचिवालय स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण शुरू किया। निरीक्षण में कई विभागों में कर्मचारी सीटों पर नहीं मिले। डीसी ने कई कार्यालयों के हाजिरी रजिस्टर डीसी कार्यालय में मंगवाकर जांच के आदेश दिए और कई कर्मचारियों की छुट्टी के आवेदन न मिलने पर मौके पर ही गैर हाजिरी भी लगाई। डीसी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी व कर्मचारी सुबह समय पर कार्यालय पहुंचें और समय से ही छुट्टी के बाद कार्यालय छोड़ें। निरीक्षण के दौरान डीसी ने कार्यालयों में साफ-सफाई से लेकर अग्निशमन यंत्रों की वैध तिथि की भी जांच की।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा सभी कर्मचारी पहले से ही छुट्टी मंजूर कराकर जाएं, भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाए। सभी अपने अपने कार्यालयों में अनुशासन बनाए रखें। कार्यालयों में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें और हर फाइल व अन्य कागजात सलीके से रखे होने चाहिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हे शीघ्रता से खोजा जा सके। कोई भी गैर आवश्यक सामान टेबलों पर नहीं होना चाहिए।

सबसे पहले डीसी प्रीति ने सरल केंद्र का दौरा किया और वहां पर हाजिरी रजिस्टर चेक करने के साथ-साथ विभिन्न कार्यो के लिए वहां पर आए आमजनों से भी बातचीत की। इसके बाद उन्होंने सीटीएम ऑफिस, तहसील, खजाना विभाग, एसडीएम कार्यालय के बाद द्वितीय तल पर स्थित निर्वाचन कार्यालय, डीईटीसी विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व अधिकारी कार्यालयों के अलावा अन्य विभागों की ब्रांचों का बारीकि से निरीक्षण किया। एक कार्यालय में ग्रुप बनाकर बैठे कर्मचारियों को नसीहत देते हुए डीसी ने कहा कि सुबह के समय कार्यालयों में पहुंच कर अपने काम को संभालें। ग्रुप्स में बैठ कर अपना व लोगों का समय खराब न करें। डीसी ने कहा कि लोग दूर-दराज से अपने कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों में पहुंचते हैं। जहां संबंधित कर्मचारी व अधिकारी के न मिलने पर उन्हें निराशा होती है। इसीलिए अधिकारी व कर्मचारी इस बात का ध्यान रखें कि लोगों की सुनवाई करना उनका प्रमुख कार्य है। किसी भी व्यक्ति को किसी कर्मचारी की लेटलतीफी के कारण परेशान न होना पड़े। कर्मचारी अपने समय पर कार्यालय पहुंचें और समय पर ही छुट्टी के बाद कार्यालय छोड़ें।

# पीड़ित को न्याय दिलाना महिला आयोग का मुख्य लक्ष्य: रेनू भाटिया

## आयोग द्वारा ईमानदारी एवं पारदर्शी रूप से की जाती है मामलों की सुनवाई



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। आयोग द्वारा ईमानदारी एवं पारदर्शी रूप से मामलों की सुनवाई की जाती है। आयोग द्वारा दोनों पार्टियों को आमने सामने बुलाकर मामले की तह तक जाकर स्थाई समाधान निकाला जाता है। मेरा मानना है कि कोई निर्दोष फंसना नहीं चाहिए और गुनेहगार बचना नहीं चाहिए। इसलिए हम जीरो प्रतिशत क्राइम टॉलरेंस तथा जीरो प्रतिशत करप्शन टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में सामने आया है कि लड़के विवाह करके पत्नी को छोड़कर विदेश चले जाते हैं। ऐसी महिलाएं शिकायत कर रही हैं, ऐसे लड़कों के खिलाफ आयोग द्वारा पुलिस की सहायता से कानून के दायरे में रहकर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। चाहे उन्हें डिपोर्ट करवाने की कार्रवाई ही क्यों न करवानी पड़े। कई केसों में सामने आता है कि परिजन कहते हैं कि उनकी विदेश गए बेटे से बातचीत ही नहीं है, यह मुश्किल ही संभव होता है कि कोई लड़का परिवार के संपर्क में न हो। इसीलिए ऐसे परिवार पुलिस जांच में सहयोग करें ताकि किसी निर्दोष के खिलाफ भी कार्रवाई न हो।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया वीरवार को जिला परिषद के सभागार में महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की सुनवाई के दौरान बोल रही थी। इस दौरान उन्होंने करीब 25 मामलों सुनवाई की। इनमें कैथल के अलावा करनाल, गुरूग्राम, रोहतक, फरिदाबाद, कुरूक्षेत्र तथा यमुनानगर के मामले भी शामिल रहे। प्रत्येक शिकायत को बड़ी ही गंभीरता से लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने गैर हाजिर शिकायतकताओं व आरोपी पक्ष के लोगों से मोबाइल पर बात कर आवश्यक जानकारी हासिल की और आवश्यक कार्रवाई के आदेश जारी किए। इससे पहले उन्होंने डीसी प्रीति व एसपी राजेश कालिया के साथ भी बैठक की।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पिछले तीन साल में कैथल में यह उनका तीसरा दौरा है। इस बैठक में कैथल के अलावा करनाल, गुरूग्राम, रोहतक, फरिदाबाद, कुरूक्षेत्र तथा यमुनानगर के मामलों की सुनवाई की गई है। इनमें से कुछ केस रद्द हो गए हैं। उनसे भी फोन पर बातचीत की गई है। उन्होंने कहा कि इन दिनों एनआरआई मामले की विशेष रूप से सुनवाई कर रहे हैं। इस बैठक में भी करीब 3 एनआरआई से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई है।

मामलों की सुनवाई के दौरान उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि उनके पास आने वाली महिला शिकायतकताओं के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए और उनकी प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जाए। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि आपस में प्यार प्रेम से रहें और सदभावना बनाकर रखें। छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बड़ा मामला न बनाए।

# स्वच्छता व्यवहार का विषय, स्वच्छता अभियान को दिया जाए आंदोलन का स्वरूप: सुभाष चंद्र

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने कहा कि हरियाणा स्वच्छता अभियान को लेकर गंभीरता से कार्य कर रहा है। स्वच्छता व्यवहार का विषय है, जब तक यह हमारे व्यवहार का विषय नहीं बनेगा तब समाज और वातावरण में बदलाव नहीं आएगा। स्वच्छता कहने से नहीं करने से आएगी सभी अधिकारी व कर्मचारी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें, ताकि इस सफाई अभियान को सफल बनाया जा सके।




स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र वीरवार को पंचायत भवन के सभागार में स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें तथा वार्ड व गांव स्तर पर कमेटियां बनाएं, जिसमें स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों, एनएसएस, एनजीओ, धार्मिक संतों, भूतपूर्व सैनिकों, खिलाड़ियों, कलाकारों व जनप्रतिनिधियों को शामिल करें। जितना बड़ा स्वरूप होगा उतने ही बड़े परिणाम भी हासिल होंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता व स्वच्छ जल की मुहिम शुरू करें।

उन्होंने सीईओ जिला परिषद को कहा कि गांव को साफ-सुथरा बनाना हमारी ड्यूटी है यह हमारा कर्तव्य भी, इसलिए ग्राम स्तर पर ग्राम सचिवों को स्वच्छता के इस अभियान में नोडल अधिकारी बनाना सुनिश्चित करें व सफाई अभियान को प्राथमिकता से लें। उन्होंने कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का कार्य बीडीपीओ के माध्यम से करवाया जा रहा है, इसलिए वह इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी से करें। वहीं पंचायती राज विभाग द्वारा तरल कचरा प्रबंधन कार्य किया जा रहा है, जो कार्य लंबित पड़े हैं, उन्हें समयबद्ध पूरा करना सुनिश्चित करें। ऐसे स्थानों पर अधिकारियों के साथ-साथ मीडिया की विजिट भी करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों गांव व शहर में डोर टू डोर कूड़ा उठाने के कार्य व सफाई के बारे में पूर्ण फीडबैक ली। उन्होंने कहा कि गांव गढ़ी जाटान में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में बनाया जा रहा है। यदि यह सफल होगा तो जिला के सभी ब्लॉकों में यह प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि जिला टास्क फोर्स की मीटिंग हर माह आयोजित करवाई जाए, जिसमें अधिकारियों के साथ-साथ गैर सरकारी सदस्यों, सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक लोगों को भी बुलाया जाए। स्वच्छता अभियान विषय पर शहरी क्षेत्र की बैठक प्रथम सप्ताह में तथा ग्रामीण की दूसरे सप्ताह में आयोजित करना सुनिश्चित करें।